Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में ग्राम पंचायत केतू मदा पंचायत समिति सेखाला के ग्राम विकास अधिकारी राजेन्द्र 15,000/- रूपयें रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, दिनांक 29 जनवरी 2026, गुरूवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर ग्रामीण द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए **राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत केतू मदा पंचायत समिति सेखाला जिला जोधपुर** को 15,000/- **रूपयें** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** नें बताया कि एसीबी की जोधपुर ग्रामीण ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत केतू मदा पंचायत समिति सेखाला जिला जोधपुर द्वारा परिवादी जिसके के फर्म का ग्राम पंचायत केतू मदा में निर्माण कार्यों के मेटेरियल सप्लाई का टेण्डर हो रखा है, उक्त फर्म को मेटेरियल के भुगतान करनें की एवज में 6 प्रतिशत कमीशन मांग कर परेशान किया जाकर रिश्वत की मांग की जा रही है। जिस पर मांग सत्यापन के दौरान परिवादी से आरोपी ग्राम विकास अधिकारी द्वारा 15,000/- रूपयें पूर्व में प्राप्त कर लिये गये थे।

जिस पर एसीबी रेंज जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जोधपुर ग्रामीण के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारस सोनी** के नेतृत्व में **उप अधीक्षक पुलिस श्री महेश श्रीमाली** मय ब्यूरों जाब्ता के आज ट्रेप कार्यवाही करतें हुए राजेन्द्र ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत केतू मदा पंचायत समिति सेखाला जिला जोधपुर को 15,000/- रूपयें रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरप्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों राजस्थान जयपुर के **महानिरिक्षक श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ व कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामलें में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जायेगा।